प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

प्रधानमंत्री–बिहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्ये्क व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है। नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए विश्व और वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या की और ये हमला केवल पर्यटकों पर नहीं हुआ, बल्कि भारत की आत्मा पर भी हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के एक सौ 40 करोड़ लोगों की इच्छाशक्ति के साथ हम आतंकवाद को समाप्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने

---

पहलगाम – सर्वदलीय बैठक

इस बीच केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर आज दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। सूत्रों के अनुसार यह बैठक संसद भवन परिसर में शाम छह बजे होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को हमले के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा वह इस घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों के बारे में भी उन्हें जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

---

प्रदेश बंद

पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में प्रदेश में व्यापारिक प्रतिष्ठान आज दोपहर तक बंद रहे। शिमला में बाज़ार एक बजे तक बंद रहे। इस दौरान भाजपा और विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों ने विरोध रैलियां निकालीं और प्रदर्शन किया। चंबा में आयोजित विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में पाकिस्तान और जेहादियों के पुतले फूंके गए। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर केशव वर्मा ने इस मौके पर कहा कि अब जेहादियों के खात्मे के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने का समय आ गया है, ताकि देश में शांति व्यवस्था बनी रहे।

------------------------------------------------------------

## कांग्रेस रैली स्थगित

इस बीच पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनज़र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 26 अप्रैल को शिमला में प्रस्तावित संविधान बचाव रैली को स्थगित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले व इसमें मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में संविधान बचाव रैली को स्थगित किया गया है।

------------------------------------------------------------

## विश्व टीकाकरण सप्ताह

विश्व स्वास्थ्य संगठन का विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 आज से शुरू हो गया है। सभी देशों में यह अभियान इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येंक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य टीकाकरण की जीवन रक्षक क्षमता को बढ़ावा देना है।

------------------------------------------------------------

## चंबा मेडिकल कॉलेज

चंबा मेडिकल कॉलेज में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स ऑपरेटरों को पिछले तीन महीने से वेतन न मिलने और सेवा विस्तार न देने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में इन ऑपरेटरों ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से मुलाक़ात की और उनकी समस्या का जल्द समाधान करने का आग्रह किया।

वहीं इस बारे में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिले हैं और जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।